# जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली।

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी नगर निगम निधि के अन्तर्गत अपने कार्यालय के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 25.08.18 सांय 3.00 बजे तक सील्ड बन्द निविदायें आंमत्रित करते हैं, जो दिनांक 25.08.18 को सायं 4.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं की उपस्थिति में समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र कार्य के सम्मुख लिखी धनराशि दिनांक 23.08.18 को सांय 4.00 बजे तक जमा करने के उपरान्त क्रय किये जा सकते हैं।

| क्रम सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | व्ययानुमान | धरोहर राशि | निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | नेकपुर में विभिन्न गलियों में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 60921.00 | 1200.00 | 100.00 |
| 2 | 05 | नेकपुर में प्रेमपाल व नत्थूलाल आदि के मकान के पास गली में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 77604.00 | 1600.00 | 100.00 |
| 3 | 49 | छावनी अशरफ खां में अम्बेडकर पार्क के पास मक्खन लाल वाली गली में मकान सं0 491 के पास पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 52135.00 | 1100.00 | 100.00 |
| 4 | 53 | मो0 रोहली टोला में नब्बू के मकान के पास पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 29534.00 | 600.00 | 100.00 |
| 5 | 71 | मो0 जगतपुर में काली मन्दिर से गणेश प्रसाद के घर तक पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 126617.00 | 2400.00 | 100.00 |
| 6 | 01 | बिहारीपुर सिविल लाइन्स में श्री राम किशन बैकरी के पास 250 एम0एम0 डाया की सीवर लाइन बिछाने का कार्य। | 231798.00 | 4650.00 | 200.00 |
| 7 | 44 | मो0 बिहारीपुर कसगरान निकट गांधी मूर्ति बबली की दुकान के सामने व राजीव कश्यप वाली गली व शिव मन्दिर से रामबाबू के मकान तक 250 एम0एम0 डाया की सीवर लाइन बिछाने का कार्य। | 243392.00 | 4870.00 | 200.00 |
| 8 | 44 | मलूकपुर घेर नसीर के पास एम0जेड खान के बराबर गली में व पूर्व पार्षद श्रीमती शमीम बानो वाली गली में 250 एम0एम0 डाया की सीवर लाइन बिछाने का कार्य। | 361151.00 | 7250.00 | 300.00 |

कार्य के सम्बन्ध में जानकारी कार्यालय दिवस में देखी व ज्ञात की जा सकती है।

निविदा शर्तें:–

1. निविदा केवल जलकल विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों की ही मान्य होंगी। निविदा के साथ वर्ष 2018–19 में पंजीकरण की रसीद संलग्न करना अनिवार्य है।
2. सीवर लाइन की निविदा मय सामग्री की है। सीवर लाइन में प्रयुक्त सामग्री मानक के अनुरुप ही लगायी जायेगी, जिसका कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि के रुप में महाप्रबन्धक जलकल के नाम बन्धक एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 अथवा नकद जमा की रसीद मूल रुप से संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. न्यूनतम लागत की निविदा आने पर फर्म को 8 प्रतिशत धरोहर राशि अतिरिक्त जमा करनी होगी।
5. समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है।
7. यदि निविदा वाले दिवस में अवकाश हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त की जा सकेगी।

महाप्रबन्धक,
नगर निगम,बरेली।

पत्रांक 223 /ज0क0/म0प्र0/2018–19
दिनांक 10-8-18

प्रतिलिपि :

1. मा0 महापौर जी को अवलोकनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
3. अपर नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ।
4. लेखाधिकारी,नगर निगम बरेली को सूचनार्थ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर, नगर निगम, बरेली को इस आशय से कि उक्त निविदा को नगर निगम की बेवसाइट पर उपलोड करने का कष्ट करें।
6. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व दैनिक राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से कि उक्त विज्ञापन को कम से कम स्थान पर केवल एक दिन प्रकाशित कर देयक डी0ए0वी0पी दरों के आधार पर भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें।
7. श्री हरपाल सिंह, लिपिक को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदाओं का मूल्य जमा कर निविदा प्रपत्र जारी करें।
8. केन्द्रीय कार्यालय व जलकल विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

महाप्रबन्धक,

Scanned by CamScanner